卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 122 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦7 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

# विकास में रोड़ा अटकाना विरोधी दलों का एकमात्र एजेंडा: धामी

**सीएम धामी ने चंपावत को दी 319 करोड़ की सौगात, टनकपुर में शारदा घाट कॉरिडोर का शिलान्यास, चंपावत के लिए की कई घोषणाएं**





टनकपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के जनपद चंपावत को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए शनिवार को 319 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 20 महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। टनकपुर में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने 'टनकपुर शारदा घाट कॉरिडोर' जैसी महत्वाकांक्षी परियोजना की नींव रखी, जिसे क्षेत्र के पर्यटन और धार्मिक स्वरूप को बदलने वाला एक 'गेम चेंजर' प्रोजेक्ट माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार इन्फ्रास्ट्रक्चर से लेकर धार्मिक विकास के एजेंडे पर पूरी संजीदगी से काम कर रही है, जिससे आने वाले समय में चंपावत जिला विकास के वैश्विक मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बनाएगा। योजनाओं का विवरण साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि शारदा घाट कॉरिडोर करीब 200 वर्ग किलोमीटर से अधिक के क्षेत्र को कवर करेगा, जिस पर लगभग 107 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, 85 करोड़ की लागत से इकोलॉजिकल पार्क का निर्माण और चंपावत शहर के लिए 60 करोड़ का 'सिटी ड्रेनेज प्लान' भी स्वीकृत किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएं केवल पत्थर और ईंट का ढांचा नहीं हैं, बल्कि ये क्षेत्र में स्वरोजगार और आजीविका के नए द्वार खोलेंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का जिक्र करते हुए कहा कि जिस तरह चारधाम का कायाकल्प हुआ है, उसी तर्ज पर मानसखंड के मंदिरों और धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री धामी विपक्ष पर जमकर बरसे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राज्य हित में जब भी कोई कठोर और ऐतिहासिक निर्णय लेती है, विपक्ष उसमें कमियां निकालकर माहौल खराब करने की कोशिश करता है। सीएम ने कहा हमारी सरकार ने 11 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया और सख्त (शेष पृष्ठ सात पर)

## दुकान के अंदर व्यापारी का शव मिलने से सनसनी

पौड़ी (उद संवाददाता)। पौड़ी शहर के व्यस्ततम धारा रोड इलाके में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक दुकान के भीतर व्यापारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ।



घटना का पता तब चला जब आस पास के दुकानदारों ने दुकान खुली देखी और अंदर व्यापारी को अचेत पाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है और मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह स्थानीय व्यापारियों ने देखा कि एक दुकान खुली हुई है, (शेष पृष्ठ सात पर)

## सीएम ने फिल्म 'गोदान' को टैक्स फ्री करने के दिए निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किसान परंपरा, ग्रामीण जीवन और गोवंश के महत्व को दर्शाने वाली फिल्म 'गोदान' को उत्तराखंड में टैक्स फ्री करने के निर्देश जारी किए हैं। 6 फरवरी को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई यह फिल्म भारतीय संस्कृति और परंपराओं को समाज के सामने सशक्त ढंग से प्रस्तुत करती है, जिसे देखते हुए राज्य सरकार ने इसे प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि गाय केवल आस्था या धर्म का प्रतीक नहीं है, बल्कि वह हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना का मजबूत स्तंभ है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस तरह की फिल्में समाज में संवेदनशीलता और सकारात्मकता पैदा करने का काम करती हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि गोवंश का संरक्षण और संवर्धन राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और ऐसी फिल्मों के माध्यम से जनमानस में गो-सेवा के प्रति जागरूकता आएगी। मुख्यमंत्री ने राज्य में गोवंश संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए( शेष पृष्ठ सात पर)

## हॉस्टल में फंदे से लटकी मिली एमबीबीएस छात्रा

देहरादून (उद संवाददाता)। जौलीग्रांट स्थित एक प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा का शव हॉस्टल के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई। छात्रा का शव पंखे से लटका हुआ पाया गया, जिसके बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जौलीग्रांट चौकी प्रभारी ईश्वर सिंह सैनी के अनुसार, मृतक छात्रा (19 वर्ष) मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर की रहने वाली थी। बीते दिन जब छात्रा काफी देर तक अपने कमरे से बाहर नहीं आई और सहपाठियों द्वारा बुलाने पर भी कोई जवाब नहीं मिला, तो अनहोनी की आशंका हुई। जब कमरे के भीतर देखा गया तो छात्रा फंदे से लटकी हुई मिली। कॉलेज प्रशासन ने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। सीओ सदर विवेक कुटियाल ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम (शेष पृष्ठ सात पर)

## आईजी का बड़ा एक्शन: भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी सस्पेंड

**भू-माफिया धनंजय पर शिकंजा, रेंज की पुरानी एसआईटी भंग कर बनाई नई टीम**

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊँ परिक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल ने अपराध और भ्रष्टाचार के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाते हुए शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है।



आईजी ने जांच में गंभीर लापरवाही और शिथिलता बरतने के आरोप में भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी अनिल कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस सख्त कदम से पुलिस महकमे और भू-माफियाओं के सिंडिकेट में हड़कंप मचा हुआ है।आईजी रिद्धिम अग्रवाल के निर्देश पर धनंजय गिरी के खिलाफ चल रहे भूमि एवं निवेश संबंधी मामलों की गहन समीक्षा की गई। जांच में चौंकाने (शेष पृष्ठ सात पर)

### अवैध साम्राज्य ध्वस्त करने का 'ब्लूप्रिंट' तैयार

आईजी रिद्धिम अग्रवाल के कड़े रुख से यह साफ हो गया है कि धनंजय गिरी का केवल जेल जाना काफी नहीं होगा, बल्कि उसके द्वारा खड़े किए गए अवैध आर्थिक साम्राज्य को भी पूरी तरह जमींदोज किया जाएगा। इसके लिए पुलिस प्रशासन ने तीन स्तरीय रणनीति तैयार की है। पहले चरण में उन सभी बेनामी संपत्तियों को चिन्हित किया जा रहा है जो दूसरों के नाम पर खरीदी गई हैं। दूसरे चरण में उन सफेदपोशों की पहचान की जा रही है जो पर्दे के पीछे से इस गिरोह को संरक्षण देते रहे हैं। अंत में, गैंगस्टर एक्ट जैसी कठोर धाराओं के तहत संपत्तियों के जब्तीकरण की प्रक्रिया शुरू होगी ताकि भविष्य में कोई भी जनता की गाढ़ी कमाई पर डाका डालने का दुस्साहस न कर सके।

## अगवा नाबालिग लड़की सकुशल बरामद,आरोपी साहिल गिरफ्तार

रुद्रपुर/पुलभट्टा। ऊधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलभट्टा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले शातिर आरोपी साहिल को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस ने नाबालिग को आरोपी के कब्जे से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मामला 2 फरवरी 2026 का है, जब पुलभट्टा क्षेत्र की एक महिला (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तराखंड में 'कछुआ चाल' से हो रहा राशन कार्डों का सत्यापन

**तय तिथि कई बार बढ़ाने के बावजूद 20% लाभार्थियों की नहीं हो पाई ई-केवाईसी,अनेक पात्र लाभार्थियों पर राशन से वंचित होने का मंडरा रहा**

**-अर्श-**

देहरादून। सूबे में भारत सरकार के निर्देशों के तहत राशन कार्डों की धांधली को रोकने और केवल पात्र लोगों को सरकारी राशन वितरण सुनिश्चित किए जाने के लिए की जा रही राशन कार्डों की ई केवाईसी की रफ्तार कछुए की चाल को भी मात कर रही है, जिसके चलते अनेक पात्र लाभार्थियों पर सरकारी राशन से वंचित होने का खतरा मंडरा रहा है। उल्लेखनीय है कि ई केवाईसी की निर्धारित समय अवधि दूसरी बार बढ़ाने के बावजूद भी राज्य में अभी 20% राशन कार्डों का सत्यापन पूरा नहीं हो पाया है। निर्धारित अवधि तक शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त न कर पाने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा संसाधनों एवं कनेक्टिविटी की कमी को उत्तरदाई ठहराया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों की मानें तो कई जगहों पर कनेक्टिविटी और संसाधनों की कमी के चलते यह काम अभी 80 फीसदी पर रुका हुआ है। बता दें कि भारत सरकार के निर्देशों के तहत खाद्य आपूर्ति योजनाओं में धांधली, डुप्लीकेसी और फर्जीवाड़े को रोकने के



लिए प्रदेश भर में पिछले साल राशन कार्ड को पूरी तरह डिजिटल करने के उद्देश्य से ई केवाईसी अभियान चलाया गया था।इसमें सीधे अभ्यर्थी का बायोमेट्रिक या फिर उसकी आंख की रेटिना स्कैन के जरिए कार्ड की पहचान सुनिश्चित की जानी थी। ताकि, केवल लाभार्थी को ही योजना का लाभ मिल पाए और लाभार्थी सरकार के डिजिटल डाटा में भी दर्ज हो पाए। ई केवाईसी में लगातार आ रहे नेगेटिव फीडबैक के चलते बीच में सरकार की ओर से इस प्रक्रिया की दो बार समय सीमा बढ़ाई जा चुकी है। इसकी फाइनल डेडलाइन 31 दिसंबर 2025 तय की गई थी, लेकिन अब 2025 भी जा चुका है। साल 2026 का जनवरी महीना भी पूरा गुजर चुका है, लेकिन अभी भी उत्तराखंड में कई जगहों पर ई केवाईसी का काम पूरा नहीं हुआ है। खाद्य आपूर्ति अधिकारियों के अनुसार प्रदेश भर में राशन कार्ड के डिजिटलाइजेशन यानी ई केवाईसी का आंकड़ा अभी तक केवल 80 फीसदी ही पहुंच पाया है और इस लक्ष्य तक पहुंचने के प्रयास जारी हैं। उधर प्रदेश की खाद्य मंत्री रेखा आर्य द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि जो लोग ई केवाईसी से छूट गए हैं, उनके मामलों की जांच की जाएगी कि वे किन कारणों से ई केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए। ऐसे किसी भी व्यक्ति को राशन से वंचित नहीं किया (शेष पृष्ठ सात पर)

# पीयूष धामी ने सहेजा जागर का गौरव पद्मश्री बसंती बिष्ट को भेंट किया लघु शोध

देहरादून/हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड की लोक संस्कृति और पारंपरिक गायन विधा 'जागर' को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाली पहली महिला जागर गायिका पद्मश्री बसंती बिष्ट के जीवन और संघर्षों को अब युवा पीढ़ी शोध के माध्यम से सहेज रही है। इसी क्रम में, युवा कलाकार और शोधार्थी पीयूष धामी ने बसंती बिष्ट के जीवन पर आधारित एक विस्तृत लघु शोध तैयार कर उन्हें भेंट किया। पीयूष का यह प्रयास न केवल एक कलाकार के प्रति सम्मान है, बल्कि उत्तराखंड की लोक विरासत को दस्तावेजी रूप में सुरक्षित करने की एक महत्वपूर्ण पहल भी है।पीयूष धामी द्वारा तैयार किए गए इस लघु शोध में पद्मश्री बसंती बिष्ट के बचपन, उनके पारंपरिक गायन के क्षेत्र में आने की चुनौतियों और विषम परिस्थितियों के बीच जागर विधा को विश्व पटल पर स्थापित करने के सफर को बखूबी दर्शाया गया है। पीयूष ने बताया कि इस शोध का मुख्य उद्देश्य उत्तराखंड की समृद्ध लोक परंपराओं को आने वाली पीढ़ी के लिए संदर्भ सामग्री के रूप में सुरक्षित करना है। उनका मानना है कि जब तक हमारी लोक कलाओं का लिखित इतिहास और शोध उपलब्ध नहीं होगा, तब तक नई पीढ़ी इससे गहराई से नहीं जुड़ पाएगी।इस अवसर पर पद्मश्री बसंती बिष्ट ने पीयूष के प्रयासों की भावभीनी सराहना करते हुए कहा, ष्जब युवा अपनी जड़ों और लोक कलाओं पर शोध करते हैं, तभी हमारी संस्कृति जीवित रहती है। उन्होंने पीयूष को भविष्य के लिए आशीर्वाद देते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की। पीयूष धामी स्वयं भी उत्तराखंड की कला और संस्कृति के संवर्धन में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर प्रदेश के बुद्धिजीवियों और संस्कृति प्रेमियों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है।



# धामी सरकार के सहयोग से स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनीं किरन जोशी

## सालाना आठ लाख तक कमा रहा महिला स्वयं सहायता समूह

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने की योजनाएं आज जमीनी स्तर पर महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही हैं। इसका जीवंत उदाहरण जनपद नैनीताल के हल्द्वानी विकासखंड की किरन जोशी हैं। एक स्वयं सहायता समूह से जुड़ी किरन जोशी को धामी सरकार के सहयोग से सहकारी बैंक के माध्यम से 3,00,000 रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया। इस आर्थिक सहायता ने उनके सपनों को पंख दिए और उन्होंने स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाया।ऋण मिलने के बाद किरन जोशी ने पारंपरिक पहाड़ी उत्पादों के निर्माण के साथ-साथ अपनी कला को भी व्यवसाय का रूप दिया। वे आज हर्बल टी, रायता मसाला, ककड़ी और मूंग दाल की बड़ी व पहाड़ी पिसा हुआ नमक जैसे शुद्ध स्थानीय उत्पाद तैयार कर रही हैं। इसके साथ ही वे रेशम पर पारंपरिक पेंटिंग बनाकर उत्तराखंड की लोककला को भी बढ़ावा दे रही हैं। किरन जोशी अपने उत्पादों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, स्थानीय बाजारों और मेलों में स्टॉल लगाकर बेचती हैं, जिससे उनके समूह को 7 से 8 लाख रुपये की सालाना आय प्राप्त हो रही है। आज वे न सिर्फ स्वयं आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन चुकी हैं। यह सफलता की कहानी साबित करती है कि प्रदेश सरकार की महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार योजनाएं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी सिद्ध हो रही हैं।



# विद्यार्थियों ने केएलए फूड्स फैक्ट्री में जानी फ्रोजन मटर तैयार करने की तकनीक

रूद्रपुर। द ऑक्सफोर्ड एकेडमी के बच्चों ने किच्छा स्थित केएलए इंडिया लिमिटेड की औद्योगिक इकाई केएलए फूड्स फैक्ट्री का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने फैक्ट्री में तैयार होने वाली फ्रोजन मटर की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से समझा। मटर की प्रोसेसिंग से लेकर पैकेजिंग तक की हाईटेक और अत्याधुनिक तकनीक को देख विद्यार्थी काफी उत्साहित नजर आए। प्रिंसिपल कैलाश नेगी के नेतृत्व में पहुंचे बच्चों को केएलए के तकनीकी स्टाफ ने फ्रोजन मटर के उत्पादन से जुड़ी बारीकियों की जानकारी दी और उनके विभिन्न सवालों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। केएलए प्रबंधन की अनिषा अग्रवाल ने बच्चों को बताया कि कंपनी सीधे किसानों के खेतों से गुणवत्तापूर्ण



मटर का क्रय करती है। इसके बाद उस मटर को पूरी तरह अत्याधुनिक और हाइजीनिक तरीके से प्रोसेस किया जाता है। प्रोसेसिंग के बाद मटर की सुरक्षित पैकिंग की जाती है, जिसे दुनिया भर के बाजारों में निर्यात और सप्लाई किया जाता है। प्रबंधन ने बच्चों को गुणवत्ता नियंत्रण और खाद्य सुरक्षा के मानकों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। अंत में केएलए ग्रुप के चेयरमैन कुंदन लाल अग्रवाल ने शैक्षिक भ्रमण पर आए सभी बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है और वे किताबी ज्ञान को धरातल पर देख पाते हैं। इस अवसर पर स्कूल का स्टाफ और फैक्ट्री के कई अधिकारी मौजूद रहे।

# किशोरियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

## द हंस फाउंडेशन के सहयोग से छात्राओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय कन्या इंटर कॉलेज फाजलपुर महरौला में द हंस फाउंडेशन के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यालय की छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ उन्हें किशोरावस्था में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।द हंस फाउंडेशन की मेडिकल टीम द्वारा आयोजित इस शिविर में छात्राओं का हीमोग्लोबिन, वजन, ऊंचाई और रक्तचाप का परीक्षण किया गया। जांच के दौरान कई किशोरियों में एनीमिया (खून की कमी) और पोषण की कमी जैसी समस्याएं पाई गईं, जिस पर चिकित्सकों ने उन्हें संतुलित आहार लेने और नियमित जांच कराने की सलाह दी। इसके साथ ही मेडिकल टीम ने एक जागरूकता सत्र भी आयोजित किया, जिसमें किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक और मानसिक परिवर्तनों, व्यक्तिगत स्वच्छता, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन और हाथ धोने की सही विधि के बारे में छात्राओं को सरल भाषा में समझाया गया।कार्यक्रम में छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य से जुड़े अपने सवालों का समाधान विशेषज्ञों से प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या और शिक्षकों ने द हंस फाउंडेशन की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से ग्रामीण और अध 'शहरी क्षेत्रों की बालिकाएं न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहती हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त बनती हैं। अंत में विद्यालय प्रशासन ने फाउंडेशन की टीम का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा जताई।



# ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से किशोरी लापता

रुद्रपुर। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के अंतर्गत रॉक जिम के पास रहने वाली एक 17 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। काफी खोजबीन के बाद भी सुराग न मिलने पर पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर देकर बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस को सौंपी गई तहरीर में आशा देवी पत्नी स्व. महेंद्र पाल ने बताया कि उनकी पुत्री खुशबू (17 वर्ष) बीते 4 फरवरी 2026 को सुबह करीब 11 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी, तो परिजनों को चिंता हुई। प्रार्थी ने अपनी पुत्री की तलाश सभी संभावित स्थानों और अपनी रिश्तेदारियों में की, लेकिन उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चल सका। पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों और स्थानीय मुखबिरों की मदद से किशोरी का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# सांसद भट्ट ने कैड़ा की माता के निधन पर जताया शोक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने भीमताल के विधायक राम सिंह कैड़ा की माता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। शनिवार को सांसद अजय भट्ट हल्द्वानी के जज फार्म स्थित विधायक के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने दिवंगत आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।इस दौरान श्री भट्ट ने विधायक राम सिंह कैड़ा और उनके परिजनों से भेंट की। उन्होंने इस कठिन समय में परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि माता का साया उठना जीवन की सबसे बड़ी अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को इस असीम दुख को सहने की शक्ति व धैर्य प्रदान करें। इस अवसर पर कई अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भी शोक संवेदना व्यक्त की।

# ऑडियो मामले में मीना ने पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं से लगाई न्याय की गुहार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और 2022 में रूद्रपुर विधान सभा से विधायक का चुनाव लड़ी पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने ओडियो प्रकरण में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के विरूद्ध अपनी लड़ाई को और तेज करते हुये, कांग्रेस संगठन के आला पदाधिकारियो से अपनी पीढ़ा साझा की है और उनसे इस मामले में मदद की अपील की है। श्रीमती शर्मा ने लोकसभा सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित राष्ट्रीय महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लाम्बा प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कु0 शैलजा, सहप्रभारी मनोज यादव, सहप्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, सीएलपी लीडर यशपाल आर्या, डिप्टी सीएलपी लीडर भुवन कापड़ी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, चुनाव प्रचार समीति अध्यक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह, चुनाव प्रबंधन समीति के अध्यक्ष पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत, महिला कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुनीता गावडे और पूनम पण्डित, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष करन मेहरा, सांसद प्रत्याशी / राष्ट्रीय महामंत्री प्रकाश जोशी पूर्व डिप्टी सी एल सी पी लीडर किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, को पत्र लिखकर ओडियो प्रकरण में उनकी मदद करने की अपील की है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि वह कांग्रेस की निष्ठावान समर्पित, सघर्षशील और जुझारू कार्यकर्ता है, उन्होने पूरी ईमानदारी के साथ कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिये मेहनत की है। कांग्रेस ने भी हमेशा महिलाओ का सम्मान किया है। उन्हें बहुत पूर्ण विश्वास है कि मेरे मामले में भी पार्टी संज्ञान लेगी और मेरी मदद के लिये आगे आऐगी।

# जल्द शुरू होगा सड़क व नाली निर्माण का कार्य

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने वार्ड नंबर सात को दी विकास की सौगात

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। नगर पंचायत दिनेशपुर के वार्ड नंबर 7 के निवासियों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे समय से जर्जर सड़क और जलभराव की समस्या से जूझ रहे क्षेत्र के लोगों की मांग पर नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर ने सड़क और नाली निर्माण के लिए अपनी औपचारिक स्वीकृति दे दी है। इस घोषणा के बाद से वार्डवासियों में खुशी की लहर है और उन्होंने अध्यक्ष की त्वरित कार्यशैली का स्वागत किया है। शनिवार को वार्ड नंबर 7 के निवासियों ने क्षेत्रीय सभासद रेखा शील एवं सभासद प्रतिनिधि विष्णु शील के नेतृत्व में नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर तथा अध्यक्ष प्रतिनिधि कवल सिंह से मुलाकात की। इस दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि वार्ड में उचित सड़क और नाली का प्रबंध न होने के कारण उन्हें आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बरसात के मौसम में गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है और पैदल चलना भी दूभर हो जाता है। नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर ने वार्डवासियों की समस्याओं को ध ैर्यपूर्वक सुना और मौके पर ही संबंधित विभागीय कर्मचारियों को निर्माण कार्य का खाका तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पंचायत का मुख्य उद्देश्य सभी वार्डों का चहुंमुखी विकास करना है और इसमें किसी भी क्षेत्र के साथ भेदभाव या अनदेखी नहीं की जाएगी। अध्यक्ष ने प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द धरातल पर कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष के सकारात्मक रुख और त्वरित निर्णय के बाद वार्डवासियों ने राहत की सांस ली। सभासद रेखा शील ने कहा कि सड़क और नाली का निर्माण होने से वार्ड की एक बड़ी समस्या का समाधान हो जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि कवल सिंह, सभासद प्रतिनिधि विष्णु शील और कृष्ण पद विश्वास सहित वार्ड के तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में विकास कार्यों के प्रति नगर पंचायत प्रशासन की प्रतिबद्धता की सराहना की।



# जलवायु परिवर्तन और फसल रोगों पर 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

## आधुनिक तकनीक और जैव प्रबंधन से फसलों को बचाने पर वैज्ञानिकों ने दिया जोर

पंतनगर (उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के पादप रोग विज्ञान विभाग में 'जलवायु परिवर्तन से फसलों में हो रही स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं एवं उनका प्रबंधन' विषय पर 21 दिवसीय उच्च संकाय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय की कुलसचिव दीपा विनय ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। उद्घाटन सत्र में दीपा विनय ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में हुए अनुसंधानों का व्यापक प्रचार-प्रसार आवश्यक है। उन्होंने जोर दिया कि कृषि वैज्ञानिकों को किसानों की आवश्यकताओं के अनुरूप अनुसंधान करना चाहिए। वर्तमान परिस्थितियों में कृषि को उद्योग का दर्जा देने और खेती में आधुनिक मशीनरी का अधिक से अधिक समावेश करने को उन्होंने समय की मांग बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिष्ठाता कृषि सुभाष चंद्रा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण फसलों में रोगों से 25 से 30 प्रतिशत तक नुकसान हो रहा है, जिसे जैव सघन रोग प्रबंधन पद्धतियों को अपनाकर कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि देश की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाना अनिवार्य है। जलवायु परिवर्तन के कारण अब गौण बीमारियां प्रमुख बीमारियों में परिवर्तित हो रही हैं, जिनके नियंत्रण हेतु नवीन तकनीकों की आवश्यकता है। उन्होंने जानकारी दी कि बीते कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन के कारण लगभग 20 प्रतिशत फसल उत्पादन प्रभावित हुआ है। इस दौरान उन्होंने धान की खैरा बीमारी का उल्लेख करते हुए पादप रोग विज्ञान विभाग के ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश की खाद्य सुरक्षा में पादप रोग वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है और रिमोट सेंसिंग एवं कंप्यूटर मॉडलिंग जैसी नई तकनीकों को रोग अध्ययन में शामिल करना आवश्यक है। कार्यक्रम में निदेशक, उच्च संकाय प्रशिक्षण केंद्र योगेंद्र सिंह ने सभी प्रशिक्षणार्थियों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए विभाग की शोध, प्रसार एवं शिक्षा संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने विभाग के वैज्ञानिकों द्वारा पूर्व में किए गए उत्कृष्ट शोध कार्यों से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया। कुलपति मनमोहन सिंह चौहान ने भी इस 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम का संचालन शोध छात्रा कमाक्षी कांडपाल ने किया और धन्यवाद प्रस्ताव वरिष्ठ शोध अधिकारी दीपशिखा ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विभाग के वैज्ञानिकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों सहित देश के आठ राज्यों से आए 21 सहायक प्राध्यापक एवं विषय वस्तु विशेषज्ञ उपस्थित रहे।



# बालिकाओं ने पोस्टर प्रदर्शनी और संवाद के जरिए साझा किए सशक्त समाज के विचार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में बाल विकास परियोजना हल्द्वानी ग्रामीण द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य छवि कांडपाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर चिकित्सा विभाग से मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका ऊषा जंगपांगी, महिला हेल्पलाइन नैनीताल की हेड सब इंस्पेक्टर सुनीता कुंवर और नेशनल वॉलीबॉल खिलाड़ी हिमानी मटियानी भी



उपस्थित रहीं। आयोजन के दौरान सभी अतिथियों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में बालिकाओं ने महिला सुरक्षा, समानता, बाल विवाह रोकथाम, मातृ स्वास्थ्य देखभाल और अवैतनिक श्रम जैसे संवेदनशील विषयों पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी लगाई और अपने विचार साझा किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। आयोजन का मुख्य आकर्षण राजनीति, खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य और साइबर सुरक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों से आए विशेषज्ञों के साथ बालिकाओं का सीधा संवाद रहा, जिससे उन्हें भविष्य के कार्यक्षेत्रों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुईं। इसी कड़ी में जिला प्रोबेशन विभाग से ममता ने चाइल्ड हेल्पलाइन और वन स्टॉप सेंटर से संगीता टाकुली ने बाल विवाह रोकथाम हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी शिल्पा जोशी, प्रधानाचार्य डीएवी स्कूल अमित जोशी, सुपरवाइजर मीना गर्खाल, मनीषा आर्या और प्रियंका आर्या सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# किन्नर समाज का महाशिवरात्रि पर्व पर कटोरी देवी मंदिर में भंडारा 14 को

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर देश व सर्व समाज की खुशहाली, समृद्धि व आपसी सौहार्द की कामना को लेकर किन्नर समाज द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रम्पुरा स्थित किन्नर समाज की पूज्यनीय मां कटोरी देवी मंदिर में विशाल भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए किन्नर समाज की स्थानीय गद्दीनशीन किन्नर सुनीता उर्फ पिंकी ने बताया कि किन्नर समाज द्वारा आपसी सहयोग से हर वर्ष देश व सर्व समाज की खुशहाली, समृद्धि व आपसी सौहार्द की कामना को लेकर महाशिवरात्रि पर्व पर रम्पुरा स्थित पूज्यनीय मां कटोरी देवी मंदिर में विशाल भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रुद्रपुर सहित हल्द्वानी, बिलासपुर, रामपुर, मुरादाबाद आदि क्षेत्रों के साथी किन्नर शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि 14 फरवरी को प्रात: 12 बजे से मंदिर में हवन यज्ञ किया जाएगा। जिस्मके समापन के बाद किन्नर समाज द्वारा कन्याओं का पूजन कर उन्हें व मंदिर में भंडारा प्रसाद का भोग लगाया जाएगा। किन्नर सुनीता उर्फ पिंकी ने बताया कि इसके पश्चात मंदिर में भंडारा प्रसाद वितरित किया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से आगामी 14 फरवरी को परिवार सहित रम्पुरा के मां कटोरी देवी मंदिर में पहुंचकर भंडारा प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

# स्थायी लोक अदालत ने बीमा कंपनी और वादी के बीच कराया सुलह-समझौता

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर की स्थायी लोक अदालत ने एक महत्वपूर्ण मामले में सुनवाई करते हुए बीमा कंपनी और वादी के बीच सुलह-समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण कराया है। प्रार्थी राजदीप सिंह निवासी रुद्रपुर ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के विरुद्ध अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। प्रार्थी ने बताया कि उन्होंने अपने भाई स्व. कुलदीप सिंह की 10 लाख रुपये की बीमा पॉलिसी कराई थी, लेकिन भाई की मृत्यु के पश्चात बीमा कंपनी द्वारा क्लेम की राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा था।मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह, सदस्य अब्दुल नसीम एवं सदस्या अर्चना पीयूष पंत की पीठ ने सुनवाई की। अदालत के प्रयासों के बाद दोनों पक्षों के मध्य सहमति बनी और भारतीय जीवन बीमा निगम व प्रार्थी के बीच 9,50,000 रुपये के भुगतान पर सुलह हो गई। इसी समझौते के आधार पर पीठ ने वाद का अंतिम रूप से निस्तारण कर दिया। अदालत के इस निर्णय से लंबे समय से रुके हुए क्लेम का समाधान हो सका है।

# महतोष बाजार में 105 दुकानों को हटाने की चेतावनी

## नहर की पटरी पर अवैध कब्जे और बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

गदरपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में तहसील गदरपुर क्षेत्र के महतोष बाजार में निचली भाखड़ा नहर की पटरी पर हुए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। उपजिलाधिकारी ऋचा सिंह के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से काबिज दुकानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि नहर की पटरी पर 105 दुकानें अवैध रूप से संचालित की जा रही हैं। सिंचाई विभाग द्वारा इन सभी दुकान स्वामियों को पूर्व में ही नोटिस जारी किए जा चुके थे। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने दुकानदारों को तत्काल अपना सामान हटाने के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई बलपूर्वक की जाएगी।निरीक्षण के दौरान कई दुकानों में अवैध रूप से बिजली के तार डालकर विद्युत चोरी किए जाने के मामले भी सामने आए। इस पर तुरंत विद्युत विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया और अवैध कनेक्शनों के तार कटवाए गए। साथ ही सिंचाई विभाग के अधिकारियों को एक सप्ताह तक क्षेत्र में मुनादी कराकर अतिक्रमण हटाने की अंतिम सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके बाद नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान के दौरान तहसीलदार लीना चन्द्रा, अपर अभियंता सिंचाई विभाग हरीश चंद्र जोशी, एसडीओ विद्युत विभाग पी.एल. शाह, कनिष्ठ अभियंता तथा राजस्व उपनिरीक्षक महतोष सरताज अली सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन की इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र के अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा रहा।





# ई पी एस पेंशन को लेकर संघर्ष समिति की बैठक 18 को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ई पी एस पेंशन को लेकर संघर्ष समिति की बैठक आगामी 18 फरवरी को प्रात: 11 बजे उत्तराखंड परिवहन निगम काठगोदाम डिपो में आयोजित की गयी है। यह जानकारी देते हुए को संघर्ष समिति उत्तराखंड समिति प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह अधिकारी व सचिव गणेश दत्त मेलकानी ने बताया कि हल्द्वानी काठगोदाम कुमाऊं क्षेत्र कुमाऊं मंडल उत्तराखंड के सभी सेवानिवृत्त हुए ई पी एस 95 पद्धति के अन्तर्गत ई पी एस पैन्शन प्राप्त करते हैं उन सभी सेवानिवृत्त साथीयों को सूचित किया जाता है कि इस बजट में भी हम लोगों को न्यूनतम पेंशन संन्शोधित लाभ से वंचित किया गया है जिनको लेकर राष्ट्रीय संघर्ष समिति केन्द्रीय कमेटी ने आगामी 9, 10 व 11 मार्च को एक विशाल धरना प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया है। इसलिए एन ए सी निर्देश पर कुमाऊं मंडल के अन्तर्गत उत्तराखंड परिवहन निगम के काठगोदाम डीपो में 18 फरवरी दिन बुधवार को 11 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जानी है। इस लिए सभी ई पी एस 95 सेवानिवृत्त पैन्सनर जो विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए हैं इस बैठक में अपनी अपनी सहभागिता देने का प्रयास करेंगे ताकि राष्ट्रीय संघर्ष समिति द्वारा दिये गये प्रोग्राम पर विस्तार से चर्चा की जा सके।

# यातायात पुलिस ने शिक्षण संस्थानों में चलाया व्यापक जागरूकता अभियान

रुद्रपुर।36वें सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरुवार को यातायात पुलिस रुद्रपुर द्वारा शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।यह कार्यक्रम पुलिस महानिरीक्षक/ निदेशक यातायात उत्तराखंड के निर्देशन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर मणिकान्त मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक अपराध/यातायात सुश्री निहारिका तोमर और क्षेत्राधिकारी यातायात प्रशांत कुमार के पर्यवेक्षण में निरीक्षक यातायात नरेंद्र कुमार आर्या के नेतृत्व में अभियान संचालित हुआ।यातायात पुलिस की टीम ने नर्सिंग कॉलेज मेडिसिटी हॉस्पिटल, रेनबो पब्लिक स्कूल, भंजू राम अमर इंटर कॉलेज तथा पुलिस मॉडर्न स्कूल 31वीं वाहिनी पीएसी रुद्रपुर में जाकर विद्यार्थियों, स्टाफ और उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को यातायात नियमों का पालन करने, ट्रैफिक सिग्नल व रोड साइन की जानकारी दी गई। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों- ओवरस्पीड, गलत तरीके से ओवरटेक करना, गलत दिशा में वाहन चलाना, नशे की हालत में ड्राइविंग, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के वाहन चलाना, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाना तथा नाबालिगों द्वारा वाहन चलानेख़से होने वाले गंभीर हादसों के प्रति सचेत किया गया।यातायात पुलिस ने लोगों से स्वयं नियमों का पालन करने और अपने परिजनों व आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने वालों के लिए सरकार की गुड सेमेरिटन योजना (राहवीर योजना) के अंतर्गत मिलने वाले संरक्षण व अधिकारों की जानकारी दी गई। हिट एंड रन मामलों में पीड़ितों को मिलने वाले मुआवजे और अन्य सुविधाओं पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया।इस अवसर पर निरीक्षक यातायात नरेंद्र आर्या, अपर उप निरीक्षक यातायात रंजीत सिंह और निरीक्षक यातायात बलवंत सिंह ने अपने विचार रखे और सड़क सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने का संदेश दिया।







# परीक्षा को बोझ नहीं बल्कि खुद को परखने का अवसर मानें छात्र

## राज्यपाल ने विद्यार्थियों को दिया सफलता का मंत्र



देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को ओएसिस स्कूल, रायपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "परीक्षा पे चर्चा-2026" कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि "परीक्षा पे चर्चा" न केवल छात्रों की शंकाओं का समाधान करता है, बल्कि अभिभावकों और शिक्षकों को भी सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि परीक्षा को बोझ समझने के बजाय इसे अपने ज्ञान और क्षमताओं को परखने का एक बेहतर अवसर मानना चाहिए। राज्यपाल ने जोर दिया कि छात्रों को दूसरों से प्रतिस्पर्धा करने के बजाय स्वयं से बेहतर बनने की कोशिश करनी चाहिए।अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति केवल सपने देखने से नहीं, बल्कि स्पष्ट उद्देश्य, दृढ़ संकल्प, अनुशासन और निरंतर प्रयास से ही संभव होती है। उन्होंने इच्छाशक्ति को निरंतर कर्म से जोड़ने को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह सोचने, समझने और सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने का समय है। राज्यपाल ने छात्रों को सलाह दी कि वे प्रश्न को ठीक से समझें, क्योंकि प्रश्न स्पष्ट होने पर ही उत्तर सही और सार्थक होता है।राज्यपाल ने विद्यार्थियों से अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर चुनौतियों को स्वीकार करने का आह्वान किया और कहा कि कठिन परिश्रम से ही आत्मविश्वास का निर्माण होता है। उन्होंने कर्म और कर्तव्य को जीवन का मूल आधार बताते हुए कहा कि प्रत्येक कर्म का परिणाम अवश्य मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि स्वयं को हर दिन बेहतर बनाने की सोच ही व्यक्ति को जिम्मेदार नागरिक बनाती है और राष्ट्र निर्माण में उसकी भागीदारी सुनिश्चित करती है। इस कार्यक्रम में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, निदेशक एससीईआरटी वंदना गर्ब्याल, स्कूल के चेयरमैन राकेश ओबेरॉय, निदेशक राघव ओबेरॉय, प्रधानाचार्य संजीव बाटला सहित स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## दबाव मुक्त होकर छात्र बनें सफलता के योद्धा: सीएम



देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नेशविला रोड स्थित सेंट एंग्नेस स्कूल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के नौवें संस्करण में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह आयोजन अब केवल एक संवाद मात्र नहीं रह गया है, बल्कि एक राष्ट्रीय आंदोलन बन चुका है। उन्होंने प्रधानमंत्री के संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि परीक्षा जीवन की एक कड़ी हो सकती है, लेकिन यह संपूर्ण जीवन नहीं है। विद्यार्थियों को इसे चुनौती के बजाय परिपक्व होने का एक पड़ाव मानना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अपने स्कूली जीवन के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि स्कूल का समय अमूल्य होता है, जो दोबारा लौटकर नहीं आता। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में निरंतर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा एक ऐसा अवसर है जहां छात्र को एक योद्धा की तरह पूरे आत्मविश्वास, धैर्य और शांति के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने जोर दिया कि केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना ही काबिलियत की पहचान नहीं है, बल्कि जीवन में और भी कई बड़े लक्ष्य प्राप्त करने होते हैं। उल्लेखनीय है कि 'परीक्षा पे चर्चा 2026' के तहत देशभर में चार करोड़ से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है, जिससे पिछला गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी टूटने जा रहा है। उत्तराखंड से इस वर्ष लगभग 7 लाख विद्यार्थी, 53 हजार से अधिक शिक्षक एवं 14 हजार से अधिक अभिभावक इस कार्यक्रम से जुड़े हैं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या केवल 2 लाख 98 हजार थी। इस बार राज्य के लिए गर्व की बात यह रही कि राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाला कुराली, रुद्रप्रयाग के छात्र रोहन सिंह राणा द्वारा तैयार प्रेरक वीडियो का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है और उन्हें दिल्ली में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान महानिदेशक शिक्षा दीप्ति सिंह, निदेशक माध्यमिक शिक्षा मुकुल कुमार सती सहित शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।







# संस्कार, संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों के संवर्धन में विद्यालयों की अहम भूमिका : योगी

## सीएम धामी और सीएम योगी ने किया यमकेश्वर इंटर कॉलेज के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

देहरादून (उद संवाददाता)। इंटर कॉलेज यमकेश्वर के नवनिर्मित दो मंजिला भवन के उद्घाटन के अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यमकेश्वर पहुंचे। कार्यक्रम से पूर्व दोनों मुख्यमंत्रियों ने यमकेश्वर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। इसके पश्चात दोनों नेताओं ने इंटर कॉलेज यमकेश्वर के नवनिर्मित भवन का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विद्या मनुष्य का सबसे बड़ा आभूषण है। शिक्षा केवल डिग्री या रोजगार का साधन नहीं, बल्कि संस्कार, चेतना और नैतिक मूल्यों के विकास का आधार है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड सरकार द्वारा बीते चार वर्षों में 28 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी रोजगार उपलब्ध कराए गए हैं। सरकार शिक्षा के सुदृढ़ ढांचे, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और नवाचार के माध्यम से समावेशी विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नवनिर्मित इंटर कॉलेज भवन क्षेत्र के शैक्षिक विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगा और इससे विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण मिलेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे आज सुरक्षा, सुशासन और विकास के क्षेत्र में पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है कि योगी आदित्यनाथ ने यहीं से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की और आज देश के सशक्त नेतृत्वकर्ता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भौतिक विकास जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं है, बल्कि यह केवल आवश्यकताओं की पूर्ति का माध्यम है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों की भूमिका केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहकर संस्कार, संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों के संवर्धन की भी होनी चाहिए। पौराणिक गुरुकुल परंपरा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह पद्धति व्यक्तित्व निर्माण की सशक्त आधारशिला रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें व्यवहारिक एवं कौशल आधारित शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है और उत्तराखंड सरकार इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भवन की गुणवत्ता सुनिश्चित की गई है, उसी प्रकार शिक्षण की गुणवत्ता भी उच्चस्तरीय होनी चाहिए। शिक्षा में नवाचार से गांवों का समग्र विकास होगा तथा पलायन पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।इस अवसर पर सांसद हरिद्वार त्रिवेंद्र सिंह रावत ने नवनिर्मित भवन को जनता को समर्पित किए जाने पर शुभकामनाएं देते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल दिया। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विद्यालय की वर्तमान स्थिति की जानकारी देते हुए प्रांतीयकरण की प्रक्रिया पर नियमानुसार कार्यवाही का आश्वासन दिया। स्थानीय विधायक रेनू बिष्ट ने विद्यालय के प्रांतीयकरण एवं विज्ञान विषय की कक्षाएं प्रारंभ कराने की मांग रखी। कार्यक्रम में दोनों मुख्यमंत्रियों द्वारा विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में कक्षा 6 के नमन रावत, कक्षा 7 के हर्ष चौहान, कक्षा 8 की आरती चौहान, कक्षा 9 के सचिन बडोला, कक्षा 10 की दीपाली, कक्षा 11 के अभिषेक बडोला तथा कक्षा 12 की पल्लवी शामिल रहे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।







# धामी सरकार के सुशासन पर फिर लगी केंद्र की मुहर

## ■ शहरी विकास और आवास सुधारों के लिए मिले 264-5 करोड़
## ■ नीतिगत सुधारों और बेहतर प्रबंधन से उत्तराखंड बना गुड गवर्नेंस का रोल मॉडल

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाले सुशासन मॉडल को केंद्र सरकार ने एक बार फिर बड़ी पहचान दी है। प्रदेश में शहरी विकास और आवास विभाग के स्तर से लागू किए गए विभिन्न नीतिगत सुधारों और नवाचारों के लिए केंद्र सरकार ने उत्तराखंड को 264.5 करोड़ रुपये की भारी-भरकम प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की है। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय द्वारा राज्यों को दिए गए सुधार लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर उत्तराखंड को यह वित्तीय लाभ 'स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट 2025-26' के अंतर्गत प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस प्रोत्साहन के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए इसे राज्य की कार्यकुशलता की जीत बताया है।शहरी विकास विभाग को जीआईएस



आधारित यूटिलिटी मैपिंग के लिए 03 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस तकनीक के माध्यम से शहर की भूमिगत लाइनों जैसे सीवर, पेयजल और ड्रेनेज कार्यों का एक डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जाएगा, जिससे भविष्य में खुदाई या मरम्मत के कार्यों में होने वाली असुविधा को कम किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, सरकारी जमीनों और भवनों की सटीक मैपिंग के लिए 6.5 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं, ताकि सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण को रोका जा सके और उनका बेहतर प्रबंधन हो। निकायों के स्तर पर आय के स्रोत बढ़ाने हेतु भी 10 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि जारी की गई है, जिससे नगर निकाय आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे। मंत्रालय ने सबसे अधिक प्रोत्साहन राशि आवास विभाग के अधीन लागू किए गए सुधारों के लिए स्वीकृत की है। 'अर्बन लैंड एंड प्लानिंग रिफॉर्म' के तहत उत्तराखंड आवास विभाग ने टाउन प्लानिंग स्कीम और लैंड पूलिंग स्कीम के नियम लागू किए थे, जिसके लिए मंत्रालय ने 100 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। लैंड पूलिंग तकनीक से अब बिना किसी विवाद के किसानों और भू-स्वामियों की सहमति से नियोजित कॉलोनियां विकसित की जा सकेंगी। साथ ही, पुराने शहरी क्षेत्रों के पुनरुद्धार कार्यक्रम के लिए 140 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिससे पुराने बाजारों और तंग इलाकों की सूरत बदलने में मदद मिलेगी। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हुए बिल्डिंग बायलॉज में ग्रीन बिल्डिंग के मानक लागू करने के लिए भी 05 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई है। उत्तराखंड सचिव आवास डॉ आर राजेश कुमार ने कहा कि आवास विभाग मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रत्येक नागरिक को किफायती आवास उपलब्ध कराने के साथ ही उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहा है। यह वित्तीय प्रोत्साहन इसी विजन का परिणाम है। इससे पहले भी प्रदेश को खनन क्षेत्र में किए गए सुधारों के लिए केंद्र से 200 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि मिल चुकी है, जो दर्शाता है कि उत्तराखंड अब देश के लिए गुड गवर्नेंस का एक आदर्श मॉडल बनकर सामने आया है।

### लैंड पूलिंग और जीआईएस मैपिंग का महत्व

उत्तराखंड जैसे कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्य के लिए लैंड पूलिंग और जीआईएस मैपिंग किसी वरदान से कम नहीं है। लैंड पूलिंग के तहत सरकार जमीन का अधिग्रहण करने के बजाय भू-स्वामियों को विकसित प्लॉट में हिस्सेदार बनाती है, जिससे विकास कार्य बिना विरोध के तेजी से पूरे होते हैं। वहीं जीआईएस मैपिंग के जरिए शहर के एक-एक इंच का हिसाब डिजिटल मैप पर उपलब्ध होगा, जिससे अवैध निर्माण पर लगाम लगेगी और शहरी सुविधाओं का नियोजन आसान होगा। पुराने शहरों के लिए मिला 140 करोड़ का बजट दशकों पुरानी बुनियादी समस्याओं जैसे जाम, पार्किंग और जर्जर भवनों के समाधान में मील का पत्थर साबित होगा। यह निवेश भविष्य के उत्तराखंड को एक स्मार्ट और व्यवस्थित राज्य के रूप में स्थापित करेगा।

## शोरूम में हुई चोरी पर विधायक ने एसएसपी से की मुलाकात

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर बाईपास रोड स्थित 'मोबाइल मंत्रा' शोरूम में विगत दिनों हुई चोरी की बड़ी वारदात को लेकर विधायक शिव अरोरा ने व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा से मुलाकात की। विधायक ने घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस से मामले का जल्द से जल्द अनावरण करने और शातिर चोरों की गिरफ्तारी की मांग रखी।विधायक शिव अरोरा ने एसएसपी को बताया कि जिस प्रकार शातिर चोरों



ने छत का लोहे का दरवाजा तोड़कर पूरी रात एक-एक मोबाइल का डिब्बा खाली किया, उससे व्यापारियों में भारी भय और असुरक्षा की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने जोर दिया कि व्यापारी का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है, इसलिए पुलिस न केवल अपराधियों को पकड़े बल्कि शत-प्रतिशत सामान की बरामदगी भी सुनिश्चित करे। विधायक ने इस घटना को पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती और अत्यंत संवेदनशील बताया।एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने विधायक और व्यापारी प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है। घटना के खुलासे के लिए कई टीमें गठित की जा चुकी हैं और पुलिस अलग-अलग एंगल से महत्वपूर्ण सुराग जुटा रही है। उन्होंने जल्द ही वारदात का पर्दाफाश करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, व्यापार मंडल महामंत्री मनोज छाबड़ा, राजेश कामरा, बलदेव सिंह, गौरव मुंजाल, मनीष मुंजाल, सोनी चावला,गुरविंदर सिंह और अभिषेक गर्गसहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक ने ली कार्यक्रमों की जानकारी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक मनुज गोयल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. के. अग्रवाल ने मिशन निदेशक को स्मृतिचिन्ह भेट किया और पीपीटी के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में निदेशक ने मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए होम डिलीवरी कम करने और होम डिलीवरी के कारणों का पता लगाने



के लिए कहा। बैठक में टी.बी. कार्यक्रम, टीकाकरण, एन.सी.डी. कार्यक्रम, आरोग्य आयुष्मान मंदिर एवं अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।जिसमें एन. सी.डी. आयुषमान मंदिर में दी जाने वाली सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया और एक कार्ययोजना बनाने के लिए कहा गया। टीकाकरण को सत प्रतिसत करने हेतु निर्देश दिए गए। इसके बाद निदेशक मनुज गोयल ने जिला चिकित्सालय में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निरीक्षण किया। बैठक में डॉ. हरेंद्र मलिक, डॉ. डी. पी. सिंह, डॉ. संदीप दीक्षित, डॉ. धीरेन्द्र गहलोत, डॉ. विनय यादव, हिमांशु मुस्योनी जिला कार्यक्रम प्रबंधक, दान सिंह भंडारी, चाँद मियां, प्रदीप महर, पंकज गुसाईं, नन्दलाल आदि मोजूद थे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मुफ्त की रेवड़ियों का चलन

देश में चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक दलों की ओर से मतदाताओं को रिझाने के लिए जिस तरह मुफ्त तोहफों या उपहारों की राजनीति की जा रही है, उसने एक तरह से नतीजों की शुचिता को कसौटी पर रख दिया है। भारतीय राजनीति में पिछले कई वर्षों से यह प्रवृत्ति जटिल होती गई है। हालांकि इस मसले पर सवाल भी उठे हैं और मुफ्त तोहफों के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने को लोकतंत्र के लिए एक घातक चलन बताया गया है। विडंबना यह है कि लगभग सभी राजनीतिक दल इस प्रवृत्ति पर सवाल उठाते हैं, लेकिन मौका मिलने पर वे भी इसी तरीके को एक औजार की तरह इस्तेमाल करते हैं।खासतौर पर जो दल या गठबंधन सत्ता में होते हैं, वे वादों या घोषणाओं के साथ-साथ चुनावों के ठीक पहले कोई योजना या कार्यक्रम लागू करने के जरिए भी मतदाताओं को लाभ पहुंचाने की कोशिश करते हैं। समय-समय पर सुप्रीम कोर्ट ने भी मुफ्त उपहारों को भारतीय राजनीति में एक घातक प्रवृत्ति बताया है, लेकिन इस पर रोक को लेकर अब तक कोई ठोस नियमन सामने नहीं आ सका है। यही वजह है कि आज राजनीतिक दलों के बीच एक तरह की होड़ देखी जाती है कि वोट हासिल करने के लिए मतदाताओं को कौन कितना ज्यादा लाभ पहुंचाने की घोषणा करता है। नतीजतन, स्वच्छ चुनाव और विवादरहित नतीजे आज एक सदिच्छा की तरह लगने लगे हैं। राजनीतिक दलों से यह उम्मीद करना मुश्किल हो गया लगता है कि इस दिशा में वे अपनी ओर से कोई ऐसी पहल करेंगे, जो चुनावी जीत के लिए मुफ्त की रेवड़ियों के चलन पर रोक लगाएं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस मसले पर दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दी है, तो इससे एक बार फिर मुफ्त की चुनावी रेवड़ियों पर लगाम लगने की उम्मीद जगी है। गौरतलब है कि करीब चार साल पहले सुप्रीम कोर्ट की एक पीठ ने केंद्र और निर्वाचन आयोग से उस याचिका पर जवाब मांगा था, जिसमें चुनाव से पहले 'अतार्किक मुफ्त उपहार की घोषणा' या इसे वितरित करने वाली राजनीतिक पार्टी का चुनाव चिह्न जब्त या उसका पंजीकरण रद्द करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। उस समय पीठ ने इसे गंभीर मुद्दा करार दिया था और कहा था कि कभी-कभी मुफ्त उपहार योजना का बजट नियमित बजट से अधिक हो जाता है। सवाल है कि अगर कोई मतदाता मुफ्त की सौगात दिए जाने के असर में किसी उम्मीदवार को वोट देता है, तो क्या यह एक तरह की सौदेबाजी नहीं कही जाएगी? अगर कोई सत्ताधारी पार्टी चुनावों के ठीक पहले किसी योजना या कार्यक्रम के जरिए मतदाताओं को आर्थिक लाभ पहुंचाती है, तो उसकी जीत को कितना निष्पक्ष माना जाएगा?

# बेरीनाग की बेटी स्नेहा की उपलब्धि पर खुशी की लहर

## दिल्ली के रोहिणी में आयोजित उत्तराखंड महोत्सव में बेस्ट इवेंट डायरेक्टर का मिला अवॉर्ड

पिथौरागढ़। दिल्ली के रोहिणी में आयोजित उत्तराखंड महोत्सव के दौरान बेरीनाग क्षेत्र की बेटी स्नेहा बिष्ट को "बेस्ट इवेंट डायरेक्टर" अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने की उपलब्धि अब भी क्षेत्रवासियों के लिए गर्व का विषय बनी हुई है। उनके इस सम्मान पर जिले भर में खुशी जताई जा रही है और लोग लगातार बधाइयाँ दे रहे हैं उत्तराखंड महोत्सव जैसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन में बतौर इवेंट डायरेक्टर स्नेहा बिष्ट की भूमिका महत्वपूर्ण रही थी। कार्यक्रम के सफल संचालन, कलाकारों के समन्वय, मंच व्यवस्था और समयबद्ध प्रस्तुतियों को लेकर उनकी कार्यकुशलता की सराहना की गई थी। इसी योगदान के लिए उन्हें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हाथों यह सम्मान प्रदान किया गया था। मुख्यमंत्री



ने उस अवसर पर कहा था कि उत्तराखंड की बेटियाँ आज विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन कर रही हैं और स्नेहा बिष्ट की उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के छोटे से कस्बे बेरीनाग से निकलकर राष्ट्रीय राजधानी के मंच तक पहुँचना स्नेहा बिष्ट की मेहनत और लगन को दर्शाता है। उनकी इस सफलता को लेकर परिवारजन, परिचितों और क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। बेरीनाग की इस बेटी को मिला सम्मान उत्तराखंड के लिए गौरव का क्षण माना जा रहा है और इसे लंबे समय तक याद किया जाएगा।

# बोर्ड परीक्षा में बिजनेस स्टडीज विषय में अच्छे अंक कैसे अर्जित करें

सीबीएसई कक्षा 12 बिजनेस स्टडीज की परीक्षा में अच्छे अंक पाने के लिए एनसीईआरटी को आधार बनाएं केस स्टडीज का अभ्यास करें हेडिंगस व कीवर्ड्स को अंडर लाइन करें और पिछले 5 से 10 वर्षों के प्रश्न पत्र हल करें। प्री बोर्ड परीक्षाओं को गंभीरता से लें ताकि आप अपनी कमजोरियो को पहचान सके। कॉन्सेप्ट्स को स्पष्ट करें क्योंकि प्रश्न व्यवहारिक ज्ञान पर अधिक आते हैं। केस स्टडीज का अभ्यास अधिक करें 70 से 80% केस स्टडीज पर प्रश्न पत्र होता है। वास्तविक जीवन के संघटनात्मक उदाहरणों से उन्हें समझाने की कोशिश करें। प्रश्नों का उत्तर पैराग्राफ के बजाय पॉइंट्स में लिखें। मुख्य हेडिंग और कीवर्डस को अंडर लाइन करें। तकनीकी शब्दों का प्रयोग करें। समय प्रबंधन का विशेष ध्यान रखें। पिछली बरसों के प्रश्न पत्र और सीबीएसई सैंपल पेपर को समय सीमा के अंदर हल करें। परिभाषाओं को याद करने के लिए बुलेट प्वाइंट्स और हेडिंग बनाएं। सीबीएसई अंकन योजना का पालन करें। पूरे अंक प्राप्त करने के लिए एनसीईआरटी के सटीक शब्दों और परिभाषाओं को शामिल करें। टॉपर्स कड़ी मेहनत नहीं करते बल्कि स्मार्ट तरीके से पढ़ाई करते हैं। सबसे पहले अधिक अंक दिलाने वाले प्रश्नों को हल करें क्योंकि यह प्रश्न सरल और काम कठिन होते हैं। फिर मध्यम कठिनाई स्तर के प्रश्नों की ओर बढ़े। अंत में कठिन प्रश्नों को हल करें। इससे यह सुनिश्चित होगा कि आप पहले उन सभी आसान प्रश्न ऑन को हल कर लेंगे जिनसे आपको अधिक अंक मिलेंगे। ध्यान रहे कोई भी प्रश्न का उत्तर नहीं छोड़ना है सभी प्रश्न बिना तनाव के हल करने हैं।



**डॉ धीरज पाराशरी ,विजिटिंग डायरेक्टर ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल शक्ति फार्म ,शिक्षाविद, सर्टिफाइड करियर काउंसलर ,मोटिवेशनल स्पीकर**

# बियरशिबा स्कूल में धूमधाम से मनाया गया संस्थापक दिवस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बियरशिबा एजुकेशनल एण्ड सोशल वैलफेयर सोसायटी के संस्थापक, प्रसिद्ध रंगकर्मी, साहित्यकार एवं कवि स्व. एन.एन.डी. भट्ट के जन्म दिवस के अवसर पर शनिवार को विद्यालय में भव्य 'संस्थापक दिवस' का आयोजन किया गया। इस विशेष दिन को यादगार बनाने के लिए विद्यालय परिसर में अंतर-विद्यालयी स्तर पर विभिन्न कलात्मक और शैक्षणिक प्रतियोगिताओं की धूम रही, जिसमें शहर के 15 से अधिक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती अभिलाषा जोशी (प्रशासनिक अधिकारी, 78 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी), विद्यालय की संस्थापिका श्रीमती निरुपमा भट्ट तलवार, चेयरपर्सन तिलक राज तलवार, प्रेसिडेंट निरुपेन्द्र भट्ट तलवार, मुस्कान तलवार और प्रधानाचार्या मीना सती द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान कक्षा 11 की छात्रा अर्चना पंत और कनिष्का जंतवाल ने स्व. भट्ट के प्रेरणादायी जीवन संघर्ष



और कला-साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि अभिलाषा जोशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर सीखने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत कला, क्राफ्ट, लेखन, समूह गीत और लोक नृत्य में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। कला प्रतियोगिता के प्राइमरी वर्ग में जिम कॉर्बेट की दीक्षा राज, जूनियर वर्ग में सरस्वती एकेडमी की रितु खोलिया और सीनियर वर्ग में गुरुकुल इंटरनेशनल की सृष्टि पठानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लेखन प्रतियोगिता में सरस्वती एकेडमी की नित्या पंत और बियरशिबा की कनिष्का जंतवाल अव्वल रहीं। वहीं, नृत्य प्रतियोगिता में सरस्वती एकेडमी, समूह गायन में आर्यमन विक्रम बिरला स्कूल और क्राफ्ट वर्क में सेंट थेरेसा स्कूल ने बाजी मारी। शानदार प्रदर्शन के आधार पर प्रतिष्ठित 'एन.एन.डी. भट्ट मेमोरियल ट्रॉफी' सरस्वती एकेडमी स्कूल के नाम रही। समारोह के दौरान निर्णायक मंडल में शामिल डॉ. ज्योति पाण्डे, विभा पाण्डे, आभा सिंह और अन्य विशेषज्ञों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सीनियर कॉर्डिनेटर निशी वर्मा, उप-प्रधानाचार्य एच.एस. बब्बर और एचओडी अनीता बिष्ट का विशेष सहयोग रहा। अंत में प्रधानाचार्या मीना सती ने सभी का आभार व्यक्त किया और राष्ट्रगान के साथ भव्य समारोह का समापन हुआ।

# स्थापना दिवस पर मंदिर में भंडारा आयोजित

हल्द्वानी ( उद संवाददाता)। कुमाऊं के प्रथम पूजनीय देवता गोलज्यू महाराज जी के दशम स्थापना दिवस के अवसर पर गोलज्यू महाराज स्थापना समिति ने दो दिवसीय वार्षिक उत्सव हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कराया 5 फरवरी को जागर लगाकर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। 6 फरवरी को प्रात: हवन और यज्ञ कर कर कार्यक्रम का पारायण किया गया । उसके पश्चात 21 कन्याओं का भोज कराकर भंडारे का प्रारंभ किया और भक्तों ने गोलज्यू महाराज जी का प्रसाद प्राप्त किया। समिति के अध्यक्ष रविंद्र बाली ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समय-समय पर होने चाहिए। इससे हमारी संस्कृति अमर रहेगी और आने वाली पीढ़ी को भी अपने कुमाऊं



के देवी देवताओं के विषय में ध्यान रहेगा। जिससे वह हमारे बाद इस अनुष्ठान को पूरे कुमाऊं में करेंगे और अपनी धार्मिक संस्कृति कुमाऊं की संस्कृति को जिंदा रखेंगे।प्रसाद लेने वालों में जिला अध्यक्ष भाजपा प्रताप बिष्ट, प्रकाश हरबोला, दर्जा राज्यमंत्री सुरेश भट्ट, रेनू अधिकारी, दिनेश आर्य, प्रदीप जेनोटी, मधुकर क्षोत्रिय, हेमंत बिष्ट, गोविंद अग्रवाल, पवन बिष्ट, हिमांशु सनवाल , राजू मेहरा, राधेश्याम रावत, हितेश शर्मा, पुलकित, प्रताप, जीतू आर्या, दीपक आर्य, रीना बाली, साक्षी नीरकोटी, राधा, सोनू शर्मा, गणेश आर्य, संदीप कुकसाल व सैकड़ों भक्त शामिल थे।

# बंगला फिल्म 'खनन-23' का प्रीमियर 8 फरवरी को, शक्तिफार्म में दिखेगा टालिवुड का जादू

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक भूमि पर बंगला सिनेमा एक नया इतिहास रचने जा रहा है। बंगला भाषा में बनी पहली टालिवुड फिल्म 'खनन-23' का विशेष प्रीमियर शो कल रविवार, 8 फरवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद बंग भवन, शक्तिफार्म में आयोजित किया जाएगा। इस फिल्म को लेकर क्षेत्र के बंगाली समाज और सिनेमा प्रेमियों में भारी



उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन समिति के अनुसार, फिल्म का प्रदर्शन दो पालियों में किया जाएगा। पहला शो दोपहर 2:30 बजे से 4:00 बजे तक चलेगा, जबकि दूसरा शो शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक आयोजित होगा। दर्शकों के लिए यह मूवी प्रदर्शन पूरी तरह निशुल्क रखा गया है। आयोजकों ने व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए दर्शकों से अपील की है कि वे व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी उपस्थिति पहले ही सुनिश्चित कर लें, ताकि बैठने की समुचित व्यवस्था की जा सके। 'खनन-23' केवल एक मनोरंजन की फिल्म नहीं है, बल्कि यह बंगला भाषा, संस्कृति और सामाजिक संघर्षों की एक गहरी दास्तां है। फिल्म की कहानी मानवीय मूल्यों और सामाजिक संवेदनाओं के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो दर्शकों को एक नई सोच प्रदान करेगी। इस साहसिक प्रयोग के माध्यम से उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में बसे बंगाली समाज की भाषाई विरासत को संरक्षित करने और क्षेत्रीय सिनेमा को एक नई दिशा देने का प्रयास किया गया है। टीम 'खनन-23' द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य कला और संस्कृति के माध्यम से आपसी सौहार्द और सांस्कृतिक समरसता को मजबूत करना है। आयोजकों का मानना है कि इस तरह के आयोजनों से क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मंच मिलने के साथ-साथ सिनेमाई इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ेगा। कल होने वाले इस प्रीमियर को लेकर शक्तिफार्म और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# वन संपदा और वन्यजीवों के संरक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। बाराकोली रेंज के अंतर्गत शक्तिफार्म वन परिसर में वनाग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत एक विशाल जन-जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वन एवं वन्यजीव संरक्षण, वनाग्नि रोकथाम, मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करना और स्थानीय ग्रामीणों की क्षमता संवर्धन करना रहा।जागरूकता अभियान के दौरान ग्राम निर्मलनगर, गोविन्दनगर, गुरूग्राम, बसगर और देवनगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को



बताया कि गर्मी के बढ़ते प्रभाव के साथ ही वनाग्नि का खतरा भी बढ़ जाता है, जो न केवल पर्यावरण बल्कि वन्यजीवों और मानव बस्तियों के लिए भी घातक है। ग्रामीणों को वनाग्नि रोकने के पारंपरिक और आधुनिक तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया गया। साथ ही, मानव- वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण के उपायों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि वन्यजीवों के साथ टकराव की स्थिति में किस तरह का व्यवहार करना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु आईएफएस शिरीन संजय पंडित और वन विभाग के अन्य अधिकारियों ने वनों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बिना जनसहभागिता के वनों को आग से बचाना चुनौतीपूर्ण है। इस अवसर पर वन कर्मियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण और वनों को आग से बचाने की शपथ ली। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे जंगलों में आग लगने की किसी भी सूचना को तत्काल विभाग के साथ साझा करें। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईएफएस शिरीन संजय पंडित के साथ नंद किशोर, प्रवेश राणा, वृजेश कुमार, गोविन्द कुमार, गौरी शंकर, सरजीत सिंह, शाहिद हुसैन, अरुण कुमार और राहुल कुमार सहित बाराकोली रेंज की पूरी टीम मौजूद रही। जनप्रतिनिधियों में वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश राय, संजय बाछाड़ा, रविन्द्र सिंह, भजन सिंह, मानिक मण्डल, सुशीला राय, के पी मण्डल, शंकर गोलदार, दर्शन सिंह और विक्रम सिंह ने भी प्रतिभाग किया। ग्रामीणों में मीनाक्षी, गीता देवी, सतनाम सिंह, सुकुमार और मृणाल सेन सहित कई लोग शामिल हुए।

# तुषार शर्मा हत्याकांड के तीन और आरोपी गिरफ्तार

## चाकूबाजी की घटना में शामिल अब तक कुल सात आरोपी जेल भेजे

रूद्रपुर/खटीमा (उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के कुशल निर्देशन में खटीमा पुलिस ने तुषार शर्मा हत्याकांड में फरार चल रहे तीन और नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस हत्याकांड में पुलिस पहले ही चार आरोपियों को जेल भेज चुकी है और अब ताजा गिरफ्तारी के साथ इस जघन्य वारदात में शामिल कुल सात आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। घटनाक्रम के अनुसार, बीते 12 दिसंबर 2025 की रात लगभग सवा नौ बजे खटीमा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रोडवेज बस स्टेशन के सामने बदमाशों ने तुषार शर्मा और उसके साथियों पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया था। इस खूनी संघर्ष में तुषार शर्मा की इलाज के दौरान दर्दनाक मृत्यु हो गई थी, जबकि उसके दो साथी सलमान और अभय उर्फ बाबू गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक के पिता मनोज शर्मा की तहरीर के आधार पर पुलिस ने हाशिम, गुफरान, समीर, पप्पू चाय वाला और उसके बेटों के खिलाफ हत्या (धारा 103-1 बीएनएस) व अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और घायल सलमान के बयानों के आधार पर आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की। जांच के दौरान शहबाज का नाम गलत पाया गया, जिसके बाद समीर उर्फ मैरी का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 13 दिसंबर की रात को मुख्य आरोपी हाशिम को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। इसके बाद 15 दिसंबर को गुफरान, समीर उर्फ मैरी और मुसद्दीक उर्फ पप्पू चायवाला को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। एसएसपी के सख्त निर्देशों के बाद शेष फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस टीम को बुधवार, 5 फरवरी 2026 को बड़ी कामयाबी मिली। प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र शाह के नेतृत्व में



पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर नए रोडवेज बस अड्डे के पास घेराबंदी कर तीन और नामजद आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मो. सुभान (27 वर्ष) पुत्र मो. सद्दीक, हैदर अली (21 वर्ष) पुत्र मो. सद्दीक और मो. रिजवान उर्फ मार्शल (18 वर्ष) पुत्र मो. अकरम शामिल हैं। ये तीनों आरोपी वार्ड नंबर 10, गोटिया, खटीमा के निवासी हैं। इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र शाह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक ललित मोहन रावल, उपनिरीक्षक जीवन चुफाल, अशोक कांडपाल, किशोर पंत, कांस्टेबल कमलपाल, ललित कन्याल और होमगार्ड रमेश सिंह शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# नैनीताल जिले में आबकारी विभाग का सघन चेकिंग अभियान, मदिरा दुकानों के लिए सैंपल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशानुसार शुक्रवार को नैनीताल जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आबकारी विभाग की टीम द्वारा नियमित प्रवर्तन एवं गुणवत्ता नियंत्रण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले की विभिन्न मदिरा दुकानों के साथ ही हल्द्वानी में संचालित एफ.एल-2 अनुज्ञापनों का गहन निरीक्षण किया गया। विभाग की इस कार्रवाई से मदिरा विक्रेताओं में हड़कंप मचा रहा।निरीक्षण के दौरान टीम ने विभिन्न मदिरा ब्रांड की उपलब्धता, भंडारण व्यवस्था, स्टॉक अभिलेखों और बिक्री प्रक्रिया की बारीकी से जांच की। उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण मदिरा उपलब्ध हो, इसके लिए टीम ने विभिन्न ब्रांड्स के सैंपल लिए और उन्हें विधिवत रूप से प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि



स्टॉक में किसी भी तरह की गड़बड़ी या मिलावट पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सम्पूर्ण निरीक्षण की कार्यवाही आबकारी अधिनियम एवं विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न की गई। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध मदिरा के विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्यवाही भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।

# विधायक ने दोपहिया वाहन चालकों को पहनाए हेलमेट

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सड़क दुर्घटनाओं से बचाव और यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से एआरटीओ परिवहन विभाग द्वारा विशेष 'हेलमेट लगाओ जागरूकता अभियान' चलाया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने मुख्य रूप से शिरकत की। विधायक ने एआरटीओ और परिवहन विभाग की टीम के साथ गाबा चौक पर मोर्चा संभाला और वहां से गुजरने वाले उन दोपहिया वाहन चालकों को रोककर स्वयं हेलमेट पहनाए, जो बिना सुरक्षा कवच के वाहन चला रहे थे। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने आंकड़ों का हवाला देते हुए सड़क सुरक्षा की गंभीरता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश में प्रतिवर्ष लगभग 5 लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें अनुमानित 1.5 लाख लोग अपनी जान गंवा देते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि शोध बताते हैं कि दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं में 70 प्रतिशत मामलों में जान सिर्फ इसलिए बच जाती है क्योंकि चालक ने हेलमेट पहना होता है। विधायक ने कहा, परिवहन विभाग का यह अभियान लोगों को उनकी जान की



कीमत बताने और उन्हें सचेत करने वाला है। आज राहगीरों को हेलमेट पहनाकर हमने यह संदेश देने की कोशिश की है कि सड़क पर आपकी सुरक्षा ही आपके परिवार की खुशहाली है। विधायक शिव अरोरा ने आम जनता और विशेषकर युवाओं से अपील की कि वे सड़क पर चलते समय हेलमेट को बोझ न समझें, बल्कि इसे अपनी जीवन रक्षा का अनिवार्य हिस्सा बनाएं। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि जब किसी परिवार का कोई सदस्य सड़क दुर्घटना में चला जाता है, तो उस परिवार पर आर्थिक संकट के साथ-साथ दुखों का पहाड़ टूट पड़ता है। इसलिए अपनी जिम्मेदारी समझें और हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। अभियान के दौरान एआरटीओ मोहित कोठारी, एआरटीओ नवीन सिंह, टीएसई गोकुल सिंह, टीएसई मनोज भंडारी, टीआई महेंद्र सिंह, टीआई गणेश जोशी, गौरव सिंह, पवन खुराना, कुलविंद्र सिंह, उदय प्रताप, अनुज छाबड़ा, आकाश शर्मा, नंदन सिंह, मदन सिंह, मनोरमा और मंतोष सिंह सहित परिवहन विभाग के तमाम कर्मचारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**विकास में रोड़ा अटकाना...**दंगारोधी कानून बनाया, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष दंगाइयों के पक्ष में खड़ा नजर आया। उन्होंने डेमोग्राफी बदलाव और अतिक्रमण को बढ़ावा देने के लिए भी विपक्षी दलों की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। सीएम ने 'समान नागरिक संहिता' का उदाहरण देते हुए कहा कि उत्तराखंड इसे लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना, लेकिन विरोधियों ने इसका भी स्वागत करने के बजाय विरोध का रास्ता चुना। मदरसा बोर्ड को लेकर लिए गए हालिया निर्णय पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी बच्चों को एक समान शिक्षा मिलनी चाहिए, चाहे वे किसी भी समाज के हों। उन्होंने कहा कि मदरसों में एक ही पाठ्यक्रम लागू करने का निर्णय बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए लिया गया है ताकि वे आधुनिक भारत की मुख्यधारा से जुड़ सकें। विकास की सौगातों के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिले के लिए चार महत्वपूर्ण नई घोषणाएं भी की। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि चंपावत में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 300 की क्षमता वाले एक भव्य ऑडिटोरियम की स्थापना की जाएगी। क्षेत्र में पर्यटन को नई गति देने के लिए टांडा क्षेत्र को पैराग्लाइडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। विलुप्त प्राय वनराजी जनजाति के गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा ताकि उन्हें मुख्यधारा की सुविधाएं मिल सकें। अटल उत्कृष्ट विद्यालय टनकपुर में पठन-पाठन की सुविधा बेहतर करने के लिए नए आधुनिक कक्षा कक्षों का निर्माण कराया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा जिलाधिकारी मनीष कुमार, जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, रेखा देवी, प्रेमा पांडेय और शिवराज सिंह कथायत सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**आईजी का बड़ा...**वाला खुलासा हुआ कि आरोपी ने आकर्षक योजनाओं और भूमि सौदों का झांसा देकर भोले-भाले लोगों से 10 करोड़ रुपये से भी अधिक की ठगी की है। आईजी ने स्पष्ट किया कि प्रभाव शाली आरोपियों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं मिलेगा। वर्तमान में पुलिस द्वारा गिरी की चल-अचल संपत्तियों की विस्तृत सूची तैयार की जा रही है, ताकि अवैध संपत्तियों को चिन्हित कर कुर्की व जब्ती की कार्रवाई की जा सके।जांच प्रक्रिया को निष्पक्ष और दबाव मुक्त बनाने के लिए आईजी ने एक और बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया है। उन्होंने रेंज के जिला कप्तानों द्वारा पूर्व में गठित एसआईटी को भंग कर दिया है। अब भूमि प्रकरण से जुड़े सभी मामलों की जांच सीधे रेंज स्तर की नई एसआईटी द्वारा की जाएगी। आईजी ने साफ कर दिया है कि यदि किसी भी स्तर पर जांच में ढिलाई या आरोपी को लाभ पहुंचाने की कोशिश की गई, तो संबंधित अधिकारी पर सीधी गाज गिरेगी।आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने आम आवाम से भावुक अपील करते हुए कहा कि किसी भी लुभावनी निवेश योजना या भूमि सौदे में पैसा लगाने से पहले उसके हर कानूनी पहलू की जांच-परख अवश्य करें। उन्होंने पीड़ितों को आश्वस्त किया कि पुलिस उनके साथ है और दोषियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। इस कार्रवाई को क्षेत्र में कानून का राज स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है।

**दुकान के अंदर..**लेकिन अंदर दुकानदार बिना किसी हलचल के लेटा हुआ है। आसपास के लोगों द्वारा कई बार आवाज लगाने के बाद भी जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो तुरंत पौड़ी कोतवाली पुलिस को सूचित किया गया। कोतवाली के एसएसआई राज विक्रम सिंह ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। मृतक की पहचान विजय आनंद सिंह (लगभग 45 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस की प्राथमिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी भी प्रकार के बाहरी चोट या संघर्ष के निशान नहीं पाए गए हैं। एसएसआई राज विक्रम सिंह ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह साफ हो सकेगी। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है, जिसके बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना के बाद से धारा रोड और पूरे पौड़ी शहर में शोक का माहौल है। व्यापार सभा के अध्यक्ष विनय शर्मा ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि एक व्यापारी का अपनी दुकान में इस तरह मृत मिलना अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। स्थानीय व्यापारियों ने मृतक के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। पुलिस फिलहाल हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

**हॉस्टल में फंदे...**के लिए भेज दिया है। शुरुआती जांच और अन्य छात्र-छात्राओं से की गई पूछताछ में यह बात सामने आई है कि संभवत: किसी छात्र के साथ हुए विवाद के चलते छात्रा मानसिक तनाव में थी और इसी कारण उसने यह आत्मघाती कदम उठाया होगा। हालांकि, पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने मृतका के परिजनों को मुजफ्फरनगर सूचित कर दिया है, जिनके देहरादून पहुंचने के बाद ही पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि छात्रा के मोबाइल फोन और सोशल मीडिया अकाउंट्स की गहनता से जांच की जा रही है ताकि मौत के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके। फिलहाल, इस दुखद घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और यूनिवर्सिटी परिसर में शोक का माहौल है।

**उत्तराखंड में ...**जाएगा। यदि इसके बावजूद भी कोई पात्र व्यक्ति छूट जाता है तो भारत सरकार से इस विषय में राज्य सरकार अनुरोध करेगी। ताकि, सभी को राशन मिल सके। खाद्य मंत्री द्वारा यह भी साफ किया गया है कि जिन लाभार्थियों को गंभीर बीमारी, दिव्यांगता या बायोमेट्रिक व रेटिना सत्यापन में तकनीकी समस्या थी, उन्हें पहले ही छूट दी गई है।

**सीएम ने फिल्म...** कहा कि सरकार गोसदनों को निरंतर बढ़ावा दे रही है ताकि निराश्रित और बेसहारा गोवंश की उचित देखभाल हो सके। इसके साथ ही, विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से पशुपालकों और गोपालकों की आय बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। धामी सरकार ने साफ किया है कि सामाजिक, सांस्कृतिक और जनहित से जुड़े विषयों पर बनने वाली फिल्मों और अन्य रचनात्मक प्रयासों को भविष्य में भी सरकार का पूरा सहयोग और प्रोत्साहन मिलता रहेगा। सरकार का मानना है कि मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञानवर्धक और समाजोपयोगी सामग्री को जनता तक पहुंचाना फिल्म जगत की बड़ी जिम्मेदारी है।

**अगवा नाबालिग लड़की...**ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री घर से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई है। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका सुराग नहीं लगा, तो पुलिस ने धारा 140(3) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने एसपी अपराध, एसपी सिटी रुद्रपुर और क्षेत्राधिकारी सितारगंज के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया।थानाध्यक्ष पुलभट्टा के नेतृत्व में गठित टीम ने मामले के खुलासे के लिए तकनीकी साक्ष्यों का सहारा लिया। पुलिस टीम ने दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मोबाइल सर्विलांस की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने 5 फरवरी 2026 को दबिश देकर आरोपी साहिल पुत्र शाकिर अली, निवासी ग्राम सिसैय्या (सितारगंज) को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में 21 वर्षीय आरोपी साहिल ने स्वीकार किया कि वह नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। उसने यह भी कुबूल किया कि इस कृत्य में सरताज अंसारी निवासी सितारगंज ने उसकी मदद की थी। आरोपी ने नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाने की बात भी स्वीकार की। इस खुलासे के बाद पुलिस ने मुकदमे में धारा 137(2)/87/65(1)बीएनएस और 5/6 पोक्सो एक्ट की बढ़ोतरी कर दी है। सराहनीय कार्य करने वाली टीम में उपनिरीक्षक दिनेश चन्द्र, अपर उपनिरीक्षक प्रकाश चन्द, कांस्टेबल अनिल कुमार, गजेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह और महिला होमगार्ड शालिनी पाठक शामिल रहीं। इसके अलावा एसओजी टीम से कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अब आरोपी के आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है और उसे न्यायालय में पेश कर रिमांड की प्रक्रिया पूरी कर रही है।

# भण्डारे के साथ सुंदर काण्ड पाठ का समापन

रुद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने वार्ड संख्या 16 स्थित बगवाड़ा क्षेत्र की शुभ डेल्स कॉलोनी में स्थित श्री शिव शक्ति मंदिर में आयोजित सुंदरकांड पाठ और विशाल भंडारे में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना रहा। सुंदरकांड के पाठ के बाद आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद



ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर की महिला समिति ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का पुष्प गुच्छ भेंट कर और माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। महिलाओं ने समाज के प्रति उनके सेवा भाव की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की जमकर प्रशंसा की। इस अवसर पर देवकी बिष्ट, अर्चना राय, अर्चना सिंह, निशा सिंह, रीता सक्सेना, रजनी भंडारी, दीपा, छवि अग्रवाल, पूनम, पूनम राणा और नीलम सहित महिला समिति की सदस्य मौजूद रहीं। इसके साथ ही संजय सिंह, रितेश अग्रवाल, मधु, मोना, मनीष पंडित, आशुतोष राय और नरेंद्र बिष्ट सहित बड़ी संख्या में कॉलोनी निवासी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स,
श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# क्रिकेट लीग के नाम पर लाखों की ठगी मामले का खुलासा

## आरोपी विकास ढाका को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गौलापार के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होने वाली बहुचर्चित ईवीसीएल (एपिक विक्ट्री क्रिकेट लीग) के नाम पर की गई बड़ी धोखाधड़ी का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर काठगोदाम पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लीग के कथित आयोजक विकास ढाका को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के दो बैंक खातों को भी फ्रीज कर दिया है। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि गुरुवार को वादी हेमन्त शर्मा पुत्र रमेश चन्द्र शर्मा, निवासी वार्ड नं0-05 शहीदी पार्क के पास लालसिंह कॉलोनी झज्जर हरियाणा तथा नारायण पाल पूर्व विधायक सितारगंज निवासी अम्बिका विहार हल्द्वानी द्वारा थाना काठगोदाम में गौलापार इन्दिरा गाँधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित ईवीसीएल (एपिक विक्ट्री क्रिकेट लीग) के मालिक विकास ढाका द्वारा क्रिकेट लीग के आयोजन के नाम पर हेमन्त शर्मा से 23 लाख तथा नारायण पाल से 09 लाख रूपये की धोखाधड़ी करने के सम्बन्ध में तहरीर दी गई। जिस सम्बन्ध में थाना काठगोदाम मे मुकदमा दर्ज किया गया। उन्होंने बताया तत्काल पुलिस टीम गठित कर मामले में आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार कत्याल के मार्गदर्शन, सीओ अमित कुमार सैनी के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आरोपी विकास ढाका को मल्ला काठगोदाम से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के लेनदेन से सम्बन्धित 02 बैंक खातों को फ्रीज करवाया गया। एसएसपी ने बताया विकास ढाका द्वारा



उक्त लीग में अन्तर्राष्ट्रीय प्लेयर जैसे हरभजनं सिंह, इरफान पठान, प्रवीण कुमार, मनप्रीत गोनी एवं अन्य रणजी प्लेयर आदि द्वारा प्रतिभाग किए जाने की बात टीम मालिकों को बताई गई। हेमन्त शर्मा द्वारा ईवीसीएल क्रिकेट लीग में यूपी वॉरियर्स नाम की टीम क्रय की गई थी जिसकी फ्रेंचाईजी फीस 50 लाख अभियुक्त द्वारा बताई गई थी हेमन्त शर्मा को उक्त टीम डिस्काउंट बताकर लालच देकर 30 लाख रूपये में दी गई थी। सौदे के मुताबिक हेमन्त शर्मा उपरोक्त द्वारा विकास ढाका को नगद तथा अन्य माध्यम से कुल 23 लाख रूपये उक्त टीम क्रय करने के एवज में भुगतान किया गया। नारायण पाल द्वारा उत्तराखण्ड सोल्जर्स नाम से टीम क्रय की गई जिसके एवज में अभियुक्त विकास ढाका द्वारा 50 लाख की फ्रेंचाईजी फीस बताई गई थी, नारायण पाल को उक्त टीम लालच देकर 10 लाख रूपये डिस्काउंट के साथ सौदा तय किया गया। सौदे के अनुसार नारायण पाल द्वारा 03 लाख रूपये नगद तथा 06 लाख रूपये हल्द्वानी नगर में प्रचार- प्रसार हेतु लगाए गए होर्डिंग्स सहित कुल खर्चा 09 लाख रूपये का भुगतान किया गया। उन्होंने बताया टूर्नामेंट शुरू होने की तिथि 01.02.2026 निर्धारित की गई, निर्धारित तिथि बीत जाने के बाद भी टूर्नामेंट शुरू नहीं हुआ तो शिकायतकर्ताओं को शक हुआ, उनके द्वारा विकास ढाका से जानकारी किए जाने पर उक्त द्वारा टाल मटोल कर पल्ला झाड़ लिया। इसके उपरांत अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के आने के सम्बन्ध में जानकारी करने पर पता चला कि अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को उक्त आयोजन के सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं थी। टीम मालिकों को क्रिकेट लीग के नाम पर धोखाधड़ी होने का संदेह हुआ, तथा अभियुक्त विकास ढाका उपरोक्त द्वारा उक्त आयोजन के सम्बन्ध में कोई लोगो/ड्रेस/होर्डिंग्स तैयार नहीं की गई थी। आयोजक विकास ढाका द्वारा पूर्व से ही क्रिकेट लीग के नाम पर धोखाधड़ी कर मोटी धनराशि हड़प लेने के सम्बन्ध में तहरीर प्राप्त होने पर नियमानुसार थाना काठगोदाम में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार करने पुलिस टीम में उप निरीक्षक दिलीप सिंह, उप निरीक्षक नीतू एवं कांस्टेबल करतार सिंह सम्मिलित रहे।

# गदरपुर के तिलपुरी और ढाई नंबर क्षेत्र में सड़क सुधार कार्यों को मिली मंजूरी

गदरपुर (उद संवाददाता)। विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए तिलपुरी नंबर-02 एवं ढाई नंबर क्षेत्र में सड़क सुधार एवं निर्माण कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इन विकास कार्यों की घोषणा के बाद क्षेत्रवासियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों में खुशी की लहर है। उन्होंने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, संबंधित विभाग द्वारा इन सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन कार्यों के होने से क्षेत्र में लंबे समय से जर्जर सड़कों के कारण उत्पन्न हो रही समस्याओं का स्थाई समाधान हो सकेगा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इन प्रमुख मार्गों की स्थिति सुधरने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि आमजन को धूल और गड्ढों से भी बड़ी राहत मिलेगी। जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की विकासपरक नीतियों के चलते गदरपुर विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार तेजी से हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा के निरंतर प्रयासों से क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण योजनाएं अब धरातल पर उतर रही हैं। इन सड़क निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से तिलपुरी और ढाई नंबर क्षेत्र की प्रगति को नई दिशा मिलेगी। स्थानीय लोगों ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए संबंधित विभाग से गुणवत्तापूर्ण कार्य और इसे समय सीमा के भीतर पूर्ण करने की अपेक्षा जताई है।



# बेहड़ ने मलसा गिरधरपुर में किया दो सड़कों का लोकार्पण

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मलसा गिरधरपुर में विधायक निधि से निर्मित दो महत्वपूर्ण सड़कों का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित ग्रामीण जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। लोकार्पण कार्यक्रम के तहत ग्राम मलसा गिरधरपुर में सर्विस रोड से कुलदीप सिंह के घर तक इंटरलॉक टाइल्स द्वारा सड़क का निर्माण कराया गया है, जिसकी लागत ध्4.42 लाख है। इसके अतिरिक्त सतवंत सिंह के घर से हरपाल सिंह के घर तक पक्की सड़क का निर्माण कार्य कराया गया, जिसकी लागत 4.97 लाख है। कुल 9.39 लाख की लागत से निर्मित इन दोनों सड़कों का विधायक बेहड़ ने ग्रामवासियों की मौजूदगी में फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़कें ग्रामीण जीवन की रीढ़ होती हैं और इनके बेहतर होने से न केवल आवागमन सुलभ होता है, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति मिलती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विधायक निधि का उपयोग पूरी पारदर्शिता के साथ जनहित के कार्यों में किया जा रहा है। लोकार्पण के पश्चात आयोजित जनसंवाद में ग्रामीणों ने सड़क, नाली, पेयजल, विद्युत और स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विधायक का फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्यपति सर्वेश सिंह, राजेश प्रताप सिंह, अशोक चुघ, लक्ष्मण दास बांगा, तीर्थ मुंजाल, ऋतिक खुराना, राजेंद्र दास, गुरदास बांगा, सातवंत सिंह, अनमोल बांगा, रवि बांगा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# राज्य कर्मियों ने मांगों को लेकर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का जनपद ऊधम सिंह नगर में प्रथम चरण का जनजागरण कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें परिषद के घटक संघों के कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया गया। आज अपनी मांगों के समर्थन में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के एक शिष्टमंडल ने एडीएम कौस्तुभ मिश्रा से मुलाकात कर उन्हे 18 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिसमें सम्पूर्ण सेवाकाल में तीन पदोन्नति प्राप्त न कर सकने वाले कार्मिको को 10, 16 एवं 26 वर्ष की सेवा के उपरान्त एसीपी के अन्तर्गत पदोन्नत वेतनमान दिये जाने, गोल्डन कार्ड के अन्तर्गत ओ0पी0डी में जन औषधि केन्द्रों से कैशलैश दवा एवं सुपरस्पेस्लिसट पजीकृत चिकित्सालयों में कैशलैश जांच की सुविधा अनुमन्य करने व चिकित्सा प्रतिपूर्ती एवं चिकित्सालयों के भुगतान हेतु कम पड़ रही धनराशि को सरकार द्वारा वहन करने, वेतन समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने ,वाहन भत्ता बढ़ोतरी, एन0पी0एस0 के स्थान पर पुरानी व्यवस्था लागू करने, आदि की मांगे शामिल हैं। शिष्टमंडल में एस के नैय्यर, पवन कुमार शर्मा, सचिन कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, रविन्द जीत सिंह, सुभाष रयाल, भगीरथ, प्रताप सिंह, राम सिंह मेहता, हरिकेश, अनिल अरोरा, रमा द्विवेदी, बलराज सिंह राज आदि शामिल थे।



# सनातन के सम्मान पर महापौर विकास शर्मा का जोरदार अभिनंदन

रुद्रपुर। शहर के इंदिरा चौक पर भव्य 'त्रिशूल चौक' के निर्माण और मंगलवार को मांस की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने जैसे साहसिक निर्णयों और महापौर का एक वर्ष के सफल कार्यकाल के लिए गौ रक्षा दल की टीम ने महापौर विकास शर्मा का जोरदार अभिनंदन किया और उन्हें सम्मानित किया । सम्मान स्वरूप महापौर को शॉल ओढ़ाई गई और भगवा पटका के साथ ही पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। गौ रक्षा दल के पदाधिकारियों ने इसे केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि सदियों से दबी हुई जन-भावनाओं का प्रकटीकरण बताया।कार्यक्रम के दौरान गौ रक्षा दल के जिलाध्यक्ष विराट आर्य ने महापौर के प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तराखंड में पहली बार किसी जनसेवक ने धार्मिक मूल्यों को विकास के साथ जोड़कर मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि त्रिशूल चौक की स्थापना रुद्रपुर के गौरव को पुनर्जीवित करने जैसा है। मंगलवार को मीट की दुकानें बंद रखने का फैसला न केवल धार्मिक आस्था का सम्मान है, बल्कि यह सनातन संस्कृति को बचाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जो अब पूरे प्रदेश के लिए एक मानक बनेगा।सम्मान से अभिभूत महापौर विकास शर्मा ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि भगवान रुद्र के नाम पर बसे इस पावन शहर को वर्षों तक अपनी वास्तविक धार्मिक पहचान की प्रतीक्षा थी। उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता अपनी खोई हुई सांस्कृतिक विरासत को सहेजना है। महापौर ने बताया कि 14 फरवरी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कर-कमलों द्वारा इंदिरा चौक पर विशाल त्रिशूल का लोकार्पण किया जाएगा। यह केवल एक शुरुआत है; भविष्य में शहर के प्रमुख चौराहों पर डमरू और हनुमान जी की गदा भी स्थापित की जाएगी। साथ ही, श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए भगवान शिव की 51 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा स्थापित करने की योजना पर भी कार्य चल रहा है।महापौर ने शहर के सामाजिक और धार्मिक ढांचे पर बात करते हुए कहा कि शिवरात्रि के उपलक्ष्य में मंदिरों के सौंदर्यीकरण का कार्य जारी है। वर्षों से अधर में लटकी गौशाला की मांग को पूरा करते हुए छह एकड़ भूमि पर निर्माण कार्य लगभग संपन्न हो चुका है, जिससे बेसहारा गौ-वंश को सम्मानजनक आश्रय मिलेगा। उन्होंने विभाजन की विभीषिका को याद करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने जो दंश झेला है, उसे आने वाली पीढ़ियां न भूलें, इसके लिए शहर में एक 'विभाजन विभीषिका स्मृति पार्क' का निर्माण कराया जायेगा।महापौर ने कड़ा संदेश देते हुए कहा कि देवभूमि की पावन धरा पर लव जिहाद और सांस्कृतिक अतिक्रमण जैसी कुत्सित मानसिकता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि हम शांतिप्रिय हैं और किसी को अनावश्यक छेड़ते नहीं, लेकिन यदि कोई हमारी मर्यादा और धर्म पर प्रहार करेगा, तो उसे बख्शा भी नहीं जाएगा। महापौर ने कहा कि हमारी संस्कृति पर हमला और लव जिहाद जैसी मानसिकता देवभूमि में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। हम किसी को छेड़ नहीं रहे है, लेकिन कोई हमारी संस्कृति को भी ना छेड़ा जाये। वरना हम छोड़ेंगे नहीं। महापौर ने कहा कि हिंदुत्व की अलख जगाने के लिए सबको एकजुट होने की जरूरत हैं। उन्होंने हिंदुओं से एकजुट होने की अपील करते हुए गौ रक्षा दल के निस्वार्थ कार्यों की सराहना की और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। सम्मानित करने वालों में गौर रक्षा दल के महामंत्री राधे सनातनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित जितेंद्र शर्मा ,जिला उपाध्यक्ष चंद्रपाल मौर्य,जिला मंत्री विशाल कोली,नगर अध्यक्ष धीरज बंसल,विकास कश्यप ,राहुल ,अनुराग, आशु, संजय, रोहित,ध्रुव,पंकज,सोनू राठौर, सन्नी,हर्ष,कुलदीप,राजा,प्रिंस आदि समेत तमाम गौरक्षक उपस्थित रहे।

